# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 521 वर्ष 41

राँची, 30 सितम्बर, 2017


## श्री गोपाल सिंह ने अध्यक्ष कोल इंडिया का अतिरिक्त पदभार ग्रहण किया



अध्यक्ष, कोल इण्डिया श्री गोपाल सिंह

विगत 01 सितंबर को, सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री गोपाल सिंह ने कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पद का अतिरिक्त पदभार ग्रहण किया। श्री गोपाल सिंह देश में सबसे तेजी से बढ़ रहे कोयला कंपनी के एक प्रतिष्ठित सीईओ हैं। वे मार्च 2012 से सीसीएल का नेतृत्व कर रहे हैं। वर्तमान में श्री सिंह भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के सीएमडी के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। श्री सिंह का कोयला खनन उद्योग में 35 वर्षों का वृहद अनुभव रहा है तथा विगत 8 वर्षों से वे सीआईएल की विभिन्न सहायक कंपनियों जैसे सीसीएल, बीसीसीएल, सीएमपीडीआई और एसईसीएल के बोर्ड के सदस्य रहे हैं।

श्री सिंह वर्ष 1982 में आईएसएम, धनबाद से स्नातक की डिग्री प्राप्त की साथ ही ओपनकास्ट माइनिंग में एम.टेक और वित्त में विशेषज्ञता के साथ एमबीए की डिग्री प्राप्त की है। वर्तमान में वे बीआईटी मेसरा में एक शोध विद्वान (Research Scholar) भी हैं।

श्री सिंह के नेतृत्व में कंपनी ने वृहद स्तर पर एवं काफी समय तक चलने वाले सकारात्मक संगठनात्मक बदलाव किये हैं और लंबे समय से चली आ रही जटिल समस्याओं का निदान भी किया गया है। कंपनी ने इस दरम्यान उच्चतम कोयला उत्पादन (उस समय तक) भी प्राप्त किया, पर्यावरण और वनों की मंजूरी प्राप्त की, भूमि अधिग्रहण में सफलता के साथ कार्यनिष्पादन के लिए भूमि मिली, ग्रीनफील्ड परियोजनाओं को लागू किया गया। रेलवे परियोजनाओं की योजना बनाई गई और सतत प्रयास से पूरा किया गया। इन सभी उपलब्धियों को प्राप्त करने का आधार **कायाकल्प योजनाओं** को लागू कर किया गया जो वर्ष 2012 से कार्यान्वित है।

2009–10 से 2012–13 तक की अवधि के दौरान सीसीएल का कोयला उत्पादन 48 मिलियन टन के आसपास स्थिर था। कार्यान्वित अनेको परियोजनाओं में काम करने की जगह की भारी कमी थी क्योंकि भूमि मालिक सीसीएल को अपनी जमीन का भौतिक अधिकार नहीं दे रहे थे और कर्मी हतोत्साहित हो चुके थे।

पिछले तीन वर्षों में इसी कंपनी के उन्ही कर्मियों और संसाधनों के साथ कोयला उत्पादन में 10.2 प्रतिशत का सीएजीआर दर्ज किया गया और इसका लक्ष्य भी हासिल हुआ। सीसीएल की एमओयू रेटिंग 2011–12 से पहले 'बहुत अच्छा' हुआ करता था, लेकिन 2012–13 के बाद यह अपने सर्वश्रेष्ठ कार्यनिष्पादन से 'उत्कृष्ट'' रहा है।

श्री गोपाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन और दूरदृष्टि से कोल इण्डिया राष्ट्र की कोयला मांग को पूरा करने और 1 बिलियन टन कंपनी बनने के लिए कृतसंकल्पित है।

## कोल इंडिया अध्यक्ष का हृदय से स्वागत

सीसीएल, मुख्यालय में प्रातः 'दैनिक प्रार्थना' में कोल इंडिया के अध्यक्ष तथा सीसीएल के सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने सीसीएल के सभी निदेशकगणों तथा सभी क्षेत्र के महाप्रबंधक, मुख्यालय के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ प्रार्थना में भाग लिया। दैनिक प्रार्थना के पश्चात निदेशकगण के साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री गोपाल सिंह का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। कोल इंडिया अध्यक्ष के पद पर योगदान देने के बाद वे पहली बार सीसीएल कर्मियों के समक्ष थे।

इस अवसर पर अपने उदगार व्यक्त करते हुए श्री सिंह ने कहा कि सीसीएल अपने घर के समान है। उन्होंने कहा कि मुझे जो दायित्व मिला है, उस पर मैं पूरी तरह से खरा उतरने की कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा कि दैनिक प्रार्थना के बोल 'इतनी शक्ति हमें देना दाता' को चरितार्थ करना होगा। श्री सिंह ने कहा कि व्यक्तिगत, प्रोफेशनल, सामाजिक या अन्य कोई भी समस्या हो आप सभी निसंकोच अपने सुझाव प्रबंधन को दें।



अध्यक्ष, कोल इण्डिया श्री गोपाल सिंह सीसीएल कर्मियों को सम्बोधित करते हुए

प्रार्थना सभा के बाद श्री सिंह ने सीसीएल के महाप्रबंधक समन्वय समिति की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि सीसीएल और कोल इंडिया का लक्ष्य कोयला उत्पादन, प्रेषण के साथ–साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना भी है।

– अपनी बात की ओर से हार्दिक बधाई।

## केंद्रीय राज्य मंत्री श्री सुदर्शन भगत ने पांच दिवसीय ''प्रदर्शनी–सह–सेमिनार'' का उदघाटन किया




मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री श्री सुदर्शन भगत को सम्मानित करते हुए सीसीएल के निदेशकगण

संसदीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार तथा डीएवीपी साउंड व ड्रामा डिविजन के सहयोग से सीसीएल द्वारा आयोजित भारतीय संसदीय लोकतंत्र के 70 वर्ष के उपलक्ष्य में महात्मा गांधी क्रीड़ागण, गांधीनगर कॉलोनी, कांके रोड, रांची में विगत 08 सितम्बर को ''प्रदर्शनी–सह–सेमिनार'' का उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय राज्यमंत्री, जनजातीय मामले (भारत सरकार) श्री सुदर्शन भगत ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सीसीएल के निदेशक (वित्त) श्री डी के घोष, निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र, निदेशक (योजना/परियोजना) श्री ए के मिश्रा एवं महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री उदय शंकर सहित अधिकारी, कर्मचारीगण, यूनियन प्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री श्री सुदर्शन भगत ने उपस्थित सभी को नये भारत का संकल्प की शपथ दिलायी। उन्होंने वर्ष 1942 से 1947 तक आजादी के लिये स्वतंत्रता की लड़ाई का उदाहरण देते हुए कहा कि आज हम सभी ने नए भारत का संकल्प लिया है कि कैसे स्वच्छ भारत हो, कैसे गरीबी मुक्त भारत हो, कैसे भ्रष्टचार, आतंकवाद मुक्त, जातिवाद मुक्त भारत हो। जब पूरा भारतवर्ष इस संकल्प के साथ आगे बढ़ेगा तो निश्चय ही देश विकसित और समृद्धशाली होगा।

इस पाँच दिवसीय प्रदर्शनी–सह–सेमिनार में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों तथा कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि माननीय विधायक डॉ. जितू चरण राम ने कहा कि यह पहली बार है कि इस तरह का संसदीय कार्य मंत्रालय का कार्यक्रम सीसीएल द्वारा राँची में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम से आमजन विशेष कर छात्र–छात्राएँ निश्चय ही लाभान्वित होंगे।




नि. (का.) श्री आर. एस. महापात्र देश के वीर शहीदों के परिजनों के साथ सम्मान समारोह में




माननीय विधायक डॉ. जितू चरण राम तथा नि. (का.) डिबेट प्रतिभागियों के साथ

> सोच ही पूंजी है, उद्यम ही रास्ता है, कड़ी मेहनत ही समाधान है।
>
> – डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम


सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)